# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 128, दिनांक 28–04–2024

**Vellore Institute of Technology Private university in Vellore, Tamilnadu की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा–2024 में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल करने वाले गैंग के 02 सदस्य गिरफ्तार।**

दिनांक 27–04–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को थाना रायपुर जनपद देहरादून क्षेत्र से Vellore Institute of Technology Private university in Vellore, Tamilnadu की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा–2024 में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल करने वाले गैंग के 02 सदस्यों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः

1. राहुल कुमार पुत्र अंजनि कुमार नि0 म0नं0 बी–03 अघोरिया बाजार मुज्जफरपुर, बिहार।
2. जितेश कुमार पुत्र राम बाबु सिन्हा नि0 ग्राम अथरी थाना रूनी शैदपुर जिला शीतामडी, बिहार।

### बरामदगीः

1. 01 अदद लैपटॉप।
2. 03 अदद मोबाईल फोन।
3. 04 अदद एडमिट कार्ड।
4. 04 अदद कैंडिडेट की ऑनलाईन एक्जांम की डिसप्ले की फोटोकॉपी।

### गिरफ्तारी का स्थान व समय–

दिनांक 27–04–2024 स्थान–सहस्त्रधारा रोड नियर टचबूड स्कूल रायपुर थाना रायपुर जिला देहरादून समयः 21.10 बजे।

एसटीएफ उ0प्र0 को आनलाईन वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा–2024 में सिस्टम हैक करने एवं सॉल्वर बैठाकर परीक्षा कराने कराने वाले गिरोहों के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न टीमों/फील्ड इकाईयों को अभिसूचना संकलन हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ के पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

दिनांक 27–04–2024 को एस0टी0एफ0 फील्ड यूनिट मेरठ से निरीक्षक श्री सुनील कुमार के नेतृत्व में हे0कां0 रकम सिंह, हे0कां0 आकाशदीप, हे0कां0 विनय कुमार, हे0कां0 प्रदीप धनकड एंव हे0कां0 चालक भूपेन्द्र कुमार की टीम जनपद देहरादून में मौजूद थी। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा सहस्त्रधारा रोड रायपुर, देहरादून पर स्थित EDU CHOICE CONSULTANCY कार्यालय में वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा–2024 में कम्प्यूटर सिस्टम हैक करके अभ्यार्थियों से मोटी रकम लेकर प्रश्न

पत्र हल करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर विश्वास करते हुए एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान से 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से उपरोक्तानुसार बरामदगी हुई।

**उक्त दोनो व्यक्तियों से पूछताछ पर जानकारी की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आये हैं:–**

गिरफ्तार अभियुक्त जितेश कुमार नि0 मुजफ्फरपुर बिहार ने वर्ष 2022 में सहस्त्रधारा रोड रायपुर, देहरादून पर EDU CHOICE CONSULTANCY का कार्यालय खोला था। वही पर जितेश कुमार की मुलाकात अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने EDU CHOICE CONSULTANCY कार्यालय में पार्टनर बना लिया। इनके द्वारा सोशल मीडिया के जरिये विभिन्न कालेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी किया गया। एडमिशन कराने के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर नि0 हरियाणा, जिसकी नियर आई0टी0 पार्क देहरादून मे ST.XAVIERS SCHOOL CANAL ROAD DHORANFD के नाम से ऑनलाईन परीक्षा की लैब हैं, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से सम्पर्क कर उनके कहां कि उसकी आनॅलाईन परीक्षाओं की लैब हैं जिसके लिए कैन्डीडेट उपलब्ध कराओं और सभी लोग मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में कम्प्यूटर सिस्टम हैंक कर नकल कराने का काम किया जायेगा। कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई। जिसकी जान पहचान अन्य लैबो मे भी थी, जिसके जरिये यह लोग अन्य लैबो में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे। प्रत्येक अभ्यर्थी से उक्त परीक्षा में नकल कराने की एवज में 1–2 लाख रूपये लेते है।

गिरफ्तारी अभियुक्तों से अन्य घटनाओं और उनके गैंग द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम हैंक कर प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने वाले अन्य गैंग के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही हैं।

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना रायपुर जनपद देहरादून पर मु0अ0सं0 182/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही हैं।